प्रेस नोट
जनपद सोनभद्र
दिनांक 08.11.2024

थाना कोन पुलिस को मिली कामयाबी, नकली नोट छापने वाले 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, नकली नोट छापने वाली प्रिन्टर, लैपटाप व 500 रुपये के 10 हजार नकली नोट बरामद-

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा श्री हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में त्यौहार दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था स्थापित करने के क्रम में दिनांक-07.11.2024 की रात्रि में करीब 22.00 बजे थाना कोन पुलिस द्वारा छठ पूजा शान्ति व्यवस्था ड्यूटी में ग्राम रामगढ़ में स्थित इण्डियन बैंक के पास मौजूद था कि मुखबिर द्वारा सूचना दी कि थाना क्षेत्र में जाली नोटों के धंधा करने वाले गिरोह काफी सक्रिय होकर धड़ल्ले से जाली नोट मार्केट में चला रहे है जो अभी बिना नम्बर की अल्टो कार से 02 लोग तेलगुड़वा की तरफ जा रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो अल्टो कार में सवार 02 व्यक्तियों ने रामगढ़ मार्केट में एक दुकान पर सामान लेने के लिए रुके तभी पुलिस टीम ने दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्तियों की जामा तलाशी ली गयी तो कुल 20 अदद 500 रुपये के नकली नोटों के 10,000 रुपये पर एक ही सीरियल नम्बर 6AQ 938124 Reserve bank of india लिखा हुआ पाया गया तथा कार की डिग्गी से नोट छापने वाली प्रिन्टर, लैपटाप व 10 रुपये की 27 अदद सादा स्टाम्प बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोन पर मु0अ0सं0-127/2024 धारा 178, 179, 180, 181 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ-

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनो लोग मिलकर मिनरल वाटर का एड छापने का प्रैक्टिस करते रहते थे इसी बीच हम लोगों को यूट्यूब से देखकर नकली नोट छापने का विचार आया तो अपने लैपटाप व प्रिन्टर की मदद से 500-500 रुपये का असली नोटों को स्कैन करके स्टाम्प पेपर पर छाप कर मार्केटों में चलाने लगे अब तक कुल 30 हजार रुपये मार्केट में चला चुके है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण

1.प्रमोद मिश्रा पुत्र स्व0 प्रभुनारायण मिश्रा निवासी वार्ड-04 चुर्क बाजार, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 40 वर्ष।

2. सतीश राय पुत्र स्व0 परमहंस राय निवासी नौगरहा, पचौरा, थाना कोतवाली चुनार, जनपद मीरजापुर उम्र लगभग 27 वर्ष।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1.500 रुपये के नकली नोट कुल 10 हजार रुपया बरामद।

2.एक अदद लैपटाप।

3. एक अदद प्रिन्टर।

4. 27 अदद 10 रुपये का सादा स्टाम्प पेपर।

5. बिना नम्बर प्लेट की एक अदद अल्टो कार।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री गोपाल जी गुप्ता, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।

2. उ0नि0 धर्मदेव यादव, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।

3. हे0का0 मुकेश भारती, हे0का0चा0 मुकेश कुमार का0 रुपेश कुमार, का0 दीपक कुमार, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।